## संक्षेप

### श्रीमद भागवत कथा के पूर्व निकाली गई विशाल शोभा यात्रा

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाजीपुर गोशा में 26 जनवरी से श्री मद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ होने जा रहा है जिसमे कथा वाचक ज्ञानेंद्र जी महाराज वृंदावन के मुखारबिंदु से कथा का रसपान होना है वही कथा सुभारंभ से पहले शोभा यात्रा/कलश यात्रा निकाली जाएगी जिसमे वृंदावन से पधारे आचार्य ने सभी लोगों से अपील की की शोभा यात्रा/कलश यात्रा में सभी लोग शामिल हो पुण्य के भागीदार बनें।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का फंदे से लटका मिला शव



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के हीरामन पुरवा गांव के रहने वाले युवक का गुरुवार सुबह संदिग्ध हालत में पेड़ पर फंदे से शव लटका मिला। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के हीरामन पुरवा गांव के रहने वाले राम विलास का तीस वर्षीय बेटा संदीप अविवाहित था। गुरुवार की सुबह गांव के बाहर गेहूं के खेत में पेड़ पर रस्सी के सहारे संदीप का शव लटकता मिला। पहचान के बाद ग्रामीणों ने परिजन व पुलिस को सूचना दी। जानकारी होते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मचा रहा। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की है। ग्रामीणों में चचाएं हैं कि कुछ नशे आदि का भी सेवन करता था। जिससे घर में आपसी कलह की स्थित बनी रहती थी।

### दुकान से टकराने वाले बाइक सवार युवक की मौत

इटावा, इटावा में सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की एक सप्ताह बाद इलाज के दौरान मौत हो गई है। बाइक सवार युवक तेज रफ्तार बाइक समेत बंद दुकानों में जा भिड़ा था। घटना की जानकारी पर पुलिस ने युवक को जिला अस्पताल भर्ती करवाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद युवक को सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी रेफर किया गया। नाजुक हालत होने के चलते उसको मध्यप्रदेश के ग्वालियर के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां इलाज के दौरान बीते बुधवार को उसकी मौत हो गई। इस घटना का सीसीटीवी वीडियो भी वायरल हुआ था। बता दें इटावा कोतवाली क्षेत्र के पुरविया टोला मार्ग पर बीते 15 जनवरी की रात करीब सवा 11 बजे एक तेज रफ्तार बाइक सवार युवक पक्का तालाब पर अपने किसी मित्र को छोड़ने गया था।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर देखा गया लाइव प्रसारण

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक बम्बा लाल दिवाकर ने वीडियो लाइव प्रसारण के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का नमो नवमतदाताओ के साथ संवाद को सुना साथ ही वहां पर मौजूद नवमतदाताओं को मतदाता की शपथ दिलाई।उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए विधायक बम्बा लाल दिवाकर ने कहा आज एक उभरता हुआ भारत,एक निखरता हुआ भारत,विकास की ऊंचाइयों पर पहुंचने वाला भारत अगर किसी ने बनाया है तो देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने।आज पूरे विश्व की नजरे भारत पर है 10 साल में जो बदलाव भारत में आया है





वह किसी से छिपा नहीं है सर्व स्पर्शी सर्व व्यापी विकास मोदी जी ने किया है।जिन सुविधाओं को गरीब केवल सपने में देखता था उसको भी मोदी जी ने साकार किया है।स्वास्थ्य, शिक्षा,सुरक्षा,बिजली,पानी,सड़क कृषि विभाग में बहुत तेजी से काम किया जा रहा है और वह दिन दूर नही जब विश्व का नेतृत्व भारत देश करेगा।कार्यक्रम में वीडियो लाइव प्रसारण के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं ग्रामीणों एवं किसानों को दिखाई गईं। इस अवसर पर मीडिया प्रभारीराजू चौहान,राकेश तिवारी,राम विमल प्रदीप मिश्रा,संदीप सिंह, ,सर्वेश राजपूत,राघव शुक्ला,सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

# अटल भूजल योजना के संबंध में डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक

## उद्यान अधिकारी का अग्रिम आदेशों तक रोका वेतन

अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित



हमीरपुर। अटल भूजल योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में एक आवश्यक बैठक जिलाधिकारी राहुल पांडेय की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में संपन्न हुई ।बैठक में अनुपस्थित रहने पर जिला उद्यान अधिकारी का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के लिए जिलाधिकारी जालौन व कार्यवाही हेतु प्रमुख्य सचिव उद्यान को पत्राचार करने तथा अटल भूजल में खराब प्रगति होने के कारण उद्यान निरीक्षक जैनेन्द्र तिवारीए सहायक उद्यान निरीक्षक पियूष कुमार वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक प्रभु दयाल तथा बैठक में अनुपस्थित रहने पर जेई मौदहा लघु सिंचाई (एमआई) का अग्रिम आदेशो तक वेतन रोकने का निर्देश दिए गए।अटल भूजल योजना के संबंध में ग्राम विकास, उद्यान पंचायती राज,सिंचाई विभाग,भूमि संरक्षण सहित संबंधी विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने दिये गये लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति कम होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए समयबद्ध तरीके से शतप्रतिशत लक्ष्य पूर्ति माह फरवरी 2024 तक करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि भूगर्भ जल संरक्षण तथा संवर्धन हेतु अटल भूजल योजना एक महत्वपूर्ण योजना है इसके अंतर्गत शासनादेश में दी गई व्यवस्था के अनुसार शासन की मंशा के अनुरूप कार्य किया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# बीमारी से तंग आकर मजदूर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र पंचम खेड़ा निवासी बबलू 32 वर्ष का शव घर के पीछे चिलवल के पेड़ से गमछे से फंदे से लटका मिला।शव लटका देख परिजनो ने पुलिस को सूचना दी मृतक मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करता था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव नीचे उतार कर पूंछतांछ की।जिसमे परिजनो ने पुलिस को बताया कि मृतक कई महीनो से बीमार चल रहा था।मजदूरी करके किसी तरह से परिवार का भरण पोषण कर रहा था।बुधवार को लखनऊ से मजदूरी करके शाम को लौटे और खाना खाने के बाद 10 बजे रात को सोने चले गए थे।और पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।दिवंगत के 2 पुत्री व दो पुत्र हैं जिनमें लक्ष्मी



13,शिवा 9,शिवांगी 5 व सत्यम 5 माह हैं।मौत से पत्नी राजवती, मां सावित्री सहित बच्चो का रो रो कर बुरा हाल हो गया।मृतक के पिता सीताराम की तहरीर पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्रभारी निरीक्षक राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि युवक का शव फंदे से लटका मिला है।पोस्टमार्टम के बाद मौत की वजह स्पष्ट हो जाएगा।

# चौदहवां राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित

हमीरपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार बृहस्पतिवार को चौदहवां राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर्षोल्लास के साथ जनपद हमीरपुर में मनाया गया। मतदाता दिवस का शुभारम्भ स्टेडियम से रैली निकाल कर किया गया। अरूण कुमार मिश्रा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी हमीरपुर ने रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली को कलेक्ट्रेट कैम्पस में जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय, ने मतदाता शपथ दिलाकर समस्त जनों को मतदान हेतु जागरूक किया। मतदाता दिवस के कार्यक्रम के अन्तर्गत एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में जिलाधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर



जिलाधिकारी न्यायिक द्वारा दीप प्रज्जवलन किया गया। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी उद्बोधन को प्रोजेक्टर के माध्यम से उपस्थित सभी लोगों के द्वारा श्रवण किया गया । मतदाता जागरूकता से सम्बन्धित प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित करने के उपरान्त मतदाताओं को जागरूक एवं ईवीएम/वीवीपैट के प्रयोग से वाकिफ किये जाने हेतु 02 एलईडी वैन को ईवीएम सहित हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त प्रचार वाहन समस्त मतदेय स्थलों का भ्रमण करते हुए समस्त नागरिको को जागरूक करने का कार्य करेगीं।

# कड़ाके की ठंड में पौष पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। पौष पूर्णिमा पर बक्सर स्थित गंगा घाट पर श्रद्धालुओं स्नान कर पुण्य लाभ कमाया। स्नान के बाद श्रद्धालुओं नेशक्तिपीठ चंद्रिका देवी मन्दिर व गंगा घाट पर हवन-पूजन कर भंडारों का आयोजन कर प्रसाद वितरित किया। शाम तक गंगा घाट पर स्नान करने का क्रम बना रहा। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के अंतर्गत ग्राम बक्सर गंगा के तट पर स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ चंद्रिका देवी मन्दिर में मां अंबिका मां चंडिका की दो मूर्तियां स्थापित है पौष पूर्णिमा में कड़ाके की ठंड में आस्था व श्रद्धा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं के हर हर गंगे व मां के जयकारे से गंगा तट गूंजता रहा। लोगों ने मां चंडिका देवी शक्तिपीठ मंदिर में विधि विधान से दर्शन किया लोगों ने हवन पूजन कर भंडारे का भी आयोजन किया गंगा घाट पर स्नान करने का क्रम शाम तक चलता रहा।

# सुने घर को चोरों ने बनाया अपना निशाना नगदी समेत पार कर दिया लाखो के जेवरात

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। शहर के आदर्शनगर मोहल्ले में ठेकेदार के बंद घर को चोरों ने निशाना बनाया। अलमारी में लगे कंपनी के चार चार तालों को तोडक? उसमें रखी 90 हजार की नगदी और 19.10 लाख कीमत के जेवरात पार कर दिए। गुरुवार को गृहस्वामी घर पहुंचा और गेट का ताला टूटा देखा तो शक हुआ। अंदर जाकर देखा तो ताले टूटे मिलने के साथ सामान बिखरा पड़ा था। यह देख वह दंग रह गया। लाखों की चोरी की सूचना पर कोतवाल के साथ फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट टीम, डॉग स्क्वायड ने मौके पर पहुंच जांच की। डाग स्क्वायड घर से 50 मीटर दूरी पर बन रही एक सरकारी भवन के अंदर तक गया और फिर लौट आया। घर में लगे सीसीटीवी के डीबीआर भी चोर ले गए। इससे पुलिस के हाथ अभी कोई ठोस सुराग नहीं लगा।

सदर कोतवाली के आदर्शनगर मोहल्ला निवासी करुणाशंकर तिवारी का बेटा नागेंद्र ठेकेदारी करता है। स्कूल में बच्चों की छुट्टियां होने से नागेंद्र की पत्नी मायके और अन्य लोग अपने गांव चितलापुर चले गए थे। घर में ताला लगा हुआ था। बुधवार रात चोर गेट का ताला तोड़ घर के अंदर दाखिल हुए। दरवाजों में लगी लॉक न तोड़ पाने से खिडकी में लगा टफन ग्लॉस तोडक? वह कमरों के अंदर दाखिल हो गए। वहां रखी अलमारी और बक्से का ताला तोडक? उसमें रखी 90 हजार की नगदी और परिवार के अन्य सदस्यों के रखे करीब 19.10 लाख कीमत के जेवरात चोरी कर ले गए। यही नहीं चोर सीसीटीवी का डीबीआर भी अपने साथ लेकर चले गए। गुरुवार सुबह करीब 10 बजे नागेंद्र जब घर आए तो ताला टूटा देखा। यह देख उनके होश उड़ गए। अंदर गए तो दरवाजा बंद था। टफन ग्लास टूटा हुआ था। दरवाजा खोलकर कमरे का हाल देखा तो सामान बिखरा पड़ा था रुपये और नगदी गायब था। लाखों की चोरी की सूचना पर कोतवाल भी टीम के साथ पहुंचे। डॉग स्क्वायड घर के सामने बन रही सरकारी भवन तक गया। फिर लौट आया। फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट टीम ने भी साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाल पीके मिश्र ने बताया कि चोरी हुई है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। चोर डीबीआर अपने साथ ले गए हैं। अगल-बगल घरों में लगे सीसीटीवी भी बंद मिले। मामले की जांच चल रही है।

# दीवार लेखन कार्यक्रम राठ में हुआ संपन्न




अमन लेखनी समाचार/ उमेश दीक्षित

हमीरपुर।भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाए जाने के अथक प्रयास से भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता दीवार लेखन कार्यक्रम चला रहे हैं जिसमें उनका लक्ष्य है कि अबकी बार 400 के पार इसी प्रकार आज भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष डॉक्टर आराधना राजपूत ने दीवार लेखन कार्यक्रम राठ नगर में 231 बूथ पर महिला द्वारा किया गया जिसमें नगर अध्यक्ष बबली सिंह जिला महामंत्री नीतू भटनागर जी मंडल मंत्री निशा भटनागर युवा मोर्चा जिला महामंत्री राजीव कुमार आईजी मंडल अध्यक्ष श्री महेंद्र शुक्ला जी अधिकारी उपस्थित रहे।

# मिर्जापुर में मतदाता जागरूकता अभियान का शुभारंभ

## बच्चों ने मताधिकार के प्रयोग के लिए दिया संदेश, मंत्री अनुप्रिया बोलीं- आपके वोट में हैं लोकतंत्र की खुबसुरती

अमन लेखनी समाचार



मिर्जापुर, मिर्जापुरमें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर नगर के जीआईसी परिसर से स्कूली बच्चों की जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली का शुभारम्भ केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष बृज भूषण सिंह, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शिव प्रताप शुक्ल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया। नगर के विभिन्न मार्गों से निकली रैली में शामिल बच्चों ने मताधिकार के प्रयोग के लिए नारेबाजी कर संदेश दिया। कार्यक्रम में पहुंची केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि लोकतंत्र की सुंदरता अपने अधिकारों के साथ कर्तव्य में समाहित हैं। वोट देना हमारा अधिकार के साथ ही कर्तव्य भी हैं। जिसके बल पर हम अच्छी सरकार चुनने का काम करते हैं। यही सरकार विकास के लिए काम करती हैं। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि अपने आसपास के लोगों को इस बात के लिए प्रेरित करें, कि जब भी कोई चुनाव हो हम वोट अवश्य करेंगे। कहा जाता सभी को जगाने के लिए ठण्ड के बीच रैली का आयोजन किया गया है।

**आयोजन** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर हुआ आयोजन, नए मतदाताओं को किया गया

# इटावा में नमो नव-मतदाता सम्मेलन का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

इटावा, इटावा में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज देश के फर्स्ट टाइम वोटर्स नव-मतदाताओं को संबोधित किया। भारतीय जनता पार्टी इटावा की युवा इकाई भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के द्वारा जिले की तीनों विधानसभाओं में ह्यनमो नव-मतदाता सम्मेलनह्न आयोजित किए गए। भर्थना विधानसभा के जनता महाविद्यालय में आयोजित नमो नव-मतदाता सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा सांसद डॉ रामशंकर कठेरिया, सदर इटावा विधानसभा में आईटीआई कॉलेज में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सरिता भदौरिया तथा जसवंतनगर विधानसभा में कारगिल शहीद महाविद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत उपस्थित रहें। नमो नव-




मतदाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए लोकसभा सांसद डॉ रामशंकर कठेरिया ने कहा कि जिस तरह 1947 से 25 साल पहले भारत के नौजवानों पर देश को स्वतंत्र कराने का दारोमदार था, उसी तरह 2047 तक यानी आने वाले करीब 25 सालों में युवाओं पर विकसित भारत के निर्माण की जिम्मेदारी है। अगले कुछ सालों में भारत अंतरिक्ष, रक्षा, विनिर्माण, प्रौद्योगिकी और नवाचार जैसे कई क्षेत्रों में कहां पहुंचेगा यह युवाओं पर निर्भर होगा। उन्होंने कहा, ह्यहमारी गति, हमारी दिशा, हमारा रुख कैसा होगा, इसका एक बड़ा माध्यम मतदान ही होगा। नमो नव-मतदाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि आप सभी ऐसे समय में मतदाता बने हैं, जब भारत का अमृतकाल शुरू हुआ है।कल 26 जनवरी को देश अपना 75वां गणतंत्र दिवस मनाएगा। अगले 25 साल आपके लिए भी और भारत के लिए भी दोनों के लिए ही महत्वपूर्ण रहने वाले हैं। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा कि युवाओं के लिए जरूरी है कि वे भारत का भाग्य उज्ज्वल बनाने के लिए वोट दें। आपका एक वोट और देश के विकास की दिशा, दोनों आपस में जुड़े हुए हैं। आपका एक वोट भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएगा, भारत में एक स्थिर और बड़े बहुमत वाली सरकार लाएगा, भारत में तेज सुधारों की गति को और तेज गति देगा ।प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन शर्मा, जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी, जिला उपाध्यक्ष हरनाथ कुशहवाह, जिला मंत्री ममता कुशहवाहा, वरिष्ठ भाजपा नेता बाबा हरनारायण यादव, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संजू चौधरी, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष मुनेश बघेल, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष उदयवीर दोहरे, विस्तारक जॉनी राघव, मण्डल अध्यक्ष अजय यादव, बिंदु, विजय शाक्य, प्रेम बाबू राजपूत, असनित यादव, सुदेश शर्मा, मोनू चौहान, अभिषेक मिश्रा, श्रेयस मिश्रा, विनीत पांडेय, अशोक चौहान 'टीटू' सहित सैकड़ों की संख्या में नव-मतदाता एवं पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहें ।

# सरकारी कार्यालय में सेक्रेटरी का काम करने वाला गिरफ्तार

- मझवां ब्लॉक में मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए मांगा था 100 रुपए, 50 देने पर हुआ खुलासा

अमन लेखनी समाचार

मिर्जापुर, मिर्जापुर के मझवां विकास खंड के परिवार रजिस्टर कार्यालय से एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए जनता से मनमानी ढंग से रुपए वसूलने वाले युवक को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। युवक को पुलिस थाने ले गई। सरकारी कर्मचारी न होने के बावजूद वह प्रमाण पत्र देने के साथ ही हस्ताक्षर भी बना रहा था। बता दें कि युवक को काम करने के लिए ब्लॉक में तैनात सेक्रेटरी ने अपनी सुविधा के लिए रखा है। गोधना, भिखारीपुर निवासी दयाशंकर विश्वकर्मा पुत्र स्वर्गीय मैकूराम विश्वकर्मा परिवार रजिस्टर का नकल लेने पहुंचे थे। कार्यालय से सचिव नदारत थी। उन्हें बताया गया कि परिसर में मौजूद वाराणसी निवासी युवक से मिल लें। वह परिवार रजिस्टर बनाकर आपको दे देगा। शपथ पत्र देने पर 100 रुपए की मांगकी। दयाशंकर विश्वकर्मा ने कहा कि उसके पास रुपए नहीं है और पचास रुपए देने लगा। इसके बाद युवक ने पचास रुपए न लेकर दयाशंकर विश्वकर्मा से परिवार रजिस्टर की नकल को अपने पास रख लिया। कहा कि 100 रुपए मिलने पर ही




दिया जाएगा। नकल लेने गए व्यक्ति ने परिवार रजिस्टर पर मोहर के साथ ही साथ युवक द्वारा फर्जी हस्ताक्षर करने का आरोप लगाया। मामले की शिकायत कार्यालय में खंड विकास अधिकारी आलोक प्रसाद से की। मामले को संज्ञान में लेते हुए तत्काल युवक को कछवां पुलिस के हवाले कर दिया। थानाध्यक्ष संजीत बहादुर सिंह ने बताया कि ब्लॉक से एक युवक को पकड़कर भेजा गया था। कुछ घंटे बाद ही युवक को दोबारा ब्लॉक परिसर में पूछताछ के लिए बुलवा गया। केवटावीर निवासी निखिल कुमार सिंह ने बताया कि अपने दादा की मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए करीब 2 महीने से ब्लॉक का चक्कर लगा रहे है,लेकिन अभी तक नहीं मिला है।


समस्त देशवासियों को
26
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश सिंह


समस्त देशवासियों को
26
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
डॉक्टर सन्दीप सरावगी समाजसेवी
संस्थापक/ अध्यक्ष संघर्ष सेवा समिति–
झाँसी, संयोजक सहकार भारती झांसी
मंडल विभाग


समस्त देशवासियों को
26
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
आशीष कुमार
प्रभारी राजकीय कृषि बीज भंडार नवाबगंज
जनपद बहराइच


समस्त देशवासियों को
26
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
अनुज कुमार द्विवेदी
ग्राम प्रधान नागर ब्लॉक – बामौर, झाँसी


समस्त देशवासियों को
26 JANUARY
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
राजेन्द्र कुमार तिवारी
(राजू महाराज)
ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत ककरवई,
ब्लॉक – बामौर, जनपद – झाँसी


समस्त देशवासियों को
26
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
अमरेश पाल सिंह
एडवोकेट महामंत्री
सेंट्रल बार एसोसिएशन सिविल कोर्ट
लखनऊ


समस्त देशवासियों को
26
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
शत्रोहन लाल
ग्राम पंचायत अधिकारी
विकासखंड नवाबगंज जनपद बहराइच


समस्त देशवासियों को
26 JANUARY
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
राजेंद्र अहिरवार
प्रधान प्रतिनिधि दुरखुरू ब्लॉक – बामौर
जनपद – झांसी


समस्त देशवासियों को
26 JANUARY
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
राम समुझ (समाजसेवी)
ग्राम पंचायत सहजना
विकासखंड नवाबगंज जनपद बहराइच


समस्त देशवासियों को
26 JANUARY
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
एडवोकेट देवेंद्र सिंह यादव
ग्राम प्रधान
केदारताई, ब्लॉक – गुरसरांय, जनपद – झांसी


समस्त देशवासियों को
26 JANUARY
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
मो. तौसीफ
ग्राम पंचायत अधिकारी
विकासखंड नवाबगंज जनपद बहराइच


समस्त देशवासियों को
26 JANUARY
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ उमाशंकर वैश्य
चेयरमैन
नगर पंचायत रूपईडीहा, जनपद बहराइच


गणतंत्र का गौरवगान
विरासत का सम्मान
75 वां गणतंत्र दिवस
(26 जनवरी, 2024)
गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर पूरा देश आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के संकल्प की सिद्धि के लिए कृतसंकल्पित है।
सभी प्रदेशवासियों के लिए यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि हम आजादी के अमृतकाल में 6 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाने में सफल हुए हैं। देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के साथ ही, उत्तर प्रदेश ने श्रीअयोध्या धाम में श्रीरामलला के नूतन विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा से राष्ट्र के सांस्कृतिक गौरव एवं समृद्ध विरासत को पुनर्प्रतिष्ठित किया है। यह सत्य एवं शाश्वत कल्याण का वह सनातन मार्ग है, जिस पर हम सभी पूर्ण कर्तव्यबोध के साथ चलकर उन महान बलिदानियों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देंगे, जिन्होंने अपने निष्काम समर्पण से हमें 75वां गणतंत्र दिवस मनाने का अवसर दिया है।
समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
- योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

चिंतन

# भारतीय सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण का आरंभकाल

आज 22 जनवरी सोमवार को भारत का करीब 500 वर्ष का सपना पूरा हुआ। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। अब रामलला एक दिव्य मंदिर में विराजेंगे। वास्तुकला की पारंपरिक नागर शैली में निर्मित मंदिर, लंबाई में 380 फुट (पूर्व-पश्चिम), चौड़ाई में 250 फुट और ऊंचाई में 161 फुट आकार का है। यह 392 स्तंभों पर टिका है और इसमें 44 दरवाजे हैं। 22 जनवरी की तारीख एक नए कालचक्र का उद्गम है। यह क्षण पवित्रतम है। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का राजनीतिक लाभ लेने की जो भी कोशिश हो, लेकिन सबसे अधिक इसका सांस्कृतिक महत्व ही है। भारतीय समावेशी संस्कृति के प्रतीक पुरुष श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर में विराजना सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण का आरंभकाल है। आज समूचा देश राममय है। अमेरिका, कनाडा, रूस, मॉरीशस, नेपाल, भूटान, ब्रिटेन, यूएई आदि समेत विश्वभर में बसे हिंदुओं में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर खुशी है। पाकिस्तान और कतर जैसे देशों के मीडिया में जरूर भारत को लेकर नकारात्मक रुख हैं, लेकिन उन्हें नहीं पता कि भारत के संविधान में ही शिव, राम, कृष्ण, बुद्ध अंकित हैं। पाक ने तो खुद को इस्लामिक राष्ट्र ही बना लिया है, तो वह किस मुंह से भारत को धर्मनिरपेक्षता की नसीहत दे रहा है? खैर, आज राम के सबको साथ लेकर चलने के संदेश को आत्मसात करने का दिन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को एक नए युग के आगमन का प्रतीक करार दिया और लोगों से अगले 1,000 वर्षों के मजबूत भारत की नींव बनाने का आह्वान किया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद 'सियावर रामचंद्र की जय' और 'जय श्री राम' के उद्घोष से समूची अयोध्या गुंजायमान हो उठी। अयोध्या में रामलला की स्थापना जीत का नहीं, राम की विनम्रता व विनयशीलता की प्रतिस्थापना है। यह राम मंदिर समृद्ध और विकसित भारत के उदय का गवाह बनेगा। यह केवल एक मंदिर भर नहीं है, बल्कि भारत की सांस्कृतिक आध्यात्मिक चेतना के उत्थान का प्रतीक स्थल है। आज जिस तरह समूचे देश में राम के प्रति आस्था का सैलाब उमड़ा, यह प्रमाण है कि भारत के जनमानस में प्राण प्रण से राम स्थापित हैं। भारत की सांस्कृतिक पहचान राम हैं, जो समूचे राष्ट्र को जोड़कर रखते हैं। भगवान राम देश के संविधान की पहली प्रति में निवास करते थे। संविधान के अस्तित्व में आने के बाद भी दशकों तक प्रभु श्रीराम के अस्तित्व को लेकर कानूनी लड़ाई चली। भारत की न्यायपालिका ने न्याय की लाज रखी। राम मंदिर का मार्ग प्रशस्त हुआ। आज देश को सदियों के राम मंदिर को लेकर धैर्य की धरोहर मिली है। राम मंदिर भारत की दृष्टि का, दर्शन का, दिग्दर्शन का मंदिर है। यह राष्ट्र चेतना का मंदिर है। अयोध्या में केवल श्रीराम के विग्रह रूप की प्राण प्रतिष्ठा नहीं हुई है, बल्कि यह राम के रूप में भारतीय संस्कृति के प्रति अटूट विश्वास की भी प्राण प्रतिष्ठा है व यह मानवीय मूल्यों और सर्वोच्च आदर्शों की भी प्राण प्रतिष्ठा है। रामलला के इस मंदिर का निर्माण भारतीय समाज के शांति, धैर्य, आपसी सद्भाव और समन्वय का भी प्रतीक है। जो लोग आमंत्रण ठुकराकर अपनी राजनीति के चलते अयोध्या नहीं गए, उन्हें राम की विनयशीलता से सीखना चाहिए, उन्हें समझना चाहिए कि राम विवाद नहीं समाधान हैं। राम आग नहीं ऊर्जा हैं, आज समूचा राष्ट्र राम की सांस्कृतिक व आध्यात्मिक ऊर्जा से ऊर्जामय है। हम अतीत की कड़वाहट से बाहर निकलें और एक समावेशी राष्ट्र के निर्माण के लिए आगे बढ़ें।

डॉ. विनोद यादव



# महानायक सुभाष चंद्र बोस के राष्ट्रबोध मूल्यों से सीखें युवा

आज पराक्रम दिवस है, यानी स्वाधीनता आंदोलन के एक ऐसे महानायक का जन्मदिवस जो शौर्य, साहस और पुरुषार्थ के प्रणेता थे। आज पूरा देश महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती मना रहा है। नेताजी की जयंती के मौके पर 5 वर्षों के अंतराल के बाद राजधानी के ऐतिहासिक लाल किले में 'जयहिंद- लाइट एंड साउंड शो' शुरू हो रहा है। 1 घंटे के इस शो के अंतर्गत खासतौर पर नेताजी सुभाष चंद्र के अदम्य साहस की शौर्य गाथा और आजाद हिंद फौज के क्रांतिवीरों पर चले मुकदमों का जीवंत चित्रण प्रस्तुत किया गया है।

आजादी के आंदोलन के संदर्भ में लालकिला ऐसा ऐतिहासिक स्मारक है, जो सन सत्तावन के क्रांतिकारियों से लेकर आजाद हिंद फौज के सैनिक कमांडरों के अदम्य साहस और अपूर्व शौर्य की गवाही देता है। फर्क सिर्फ इतना है कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिवीरों ने अंग्रेजी शासन को उखाड़ फेंकने के लिए जब मेरठ छावनी से 'दिल्ली चलो' के उद्घोष के साथ शंखनाद किया तो लालकिले पहुंचकर भारत का झंडा फहराया। किंतु नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने 5 जुलाई 1943 को सिंगापुर के टाउन हॉल के सामने आजाद हिंद फौज के सुप्रीम कमांडर की हैसियत से फौज के सैनिकों से 'दिल्ली चलो' का आवाह्न करते हुए उद्घोष किया-'चलो दिल्ली, जहां मीनार कुत्बी है... निशान-ए-हिंद (भारत के राष्ट्रीय ध्वज) को हम उस पर लहराएं/ चलो दिल्ली जवानों, हिंद को आजाद करवाएं/ यानी आजाद हिंद फौज के सैनिक दिल्ली को फतह करके कुतुब मीनार पर राष्ट्रीय ध्वज फहराना चाहते थे। इतिहास गवाह है कि नेताजी का स्वाभिमान दुनिया में सबसे ऊंचा था, इसलिए वो भारत का झंडा सबसे ऊंचे स्मारक पर फहराना चाहते थे। उन दिनों राजधानी दिल्ली में सबसे ऊंची ऐतिहासिक इमारत कुतुब मीनार ही थी,



लेकिन आजाद हिंद फौज के जांबाज सिपाहियों का वह सपना पूरा न हो सका। दरअसल, दूसरे विश्व युद्ध में जापान की हार ने आजाद हिंद फौज के सैनिकों के इस सुनहरी सपने का पटाक्षेप कर दिया। बहरहाल, कुतब मीनार के साथ-साथ लाल किले का संबंध भी आजाद हिंद फौज से जुड़ गया, जब फौज के मेजर जनरल शाहनवाज खान, कर्नल प्रेम सहगल और कर्नल गुरुबख्श सिंह ढिल्लो पर अंग्रेजों ने देशद्रोह का अभियोग लगाकर लालकिले को सैनिक अदालत के तौर पर चिह्नित किया। नेताजी सुभाष चंद्र के इन तीन फौजी अफसरों से संबंधित यह ऐतिहासिक मुकदमा हिंदुस्तान के इतिहास में 'लालकिला ट्रायल' के नाम से दर्ज है। आईएनए के इन अफसरों समेत तमाम सैनिकों के समर्थन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नामी-गिरामी नेता और जाने-माने वकील तेज बहादुर सप्रू, भूलाभाई देसाई, पं. जवाहरलाल नेहरू और कैलाश नाथ काटजू मुकादमा लड़ने के लिए आगे आए। इस दौरान पूरे मुल्क में देशभक्ति का बेमिसाल माहौल निर्मित हो गया, जवाहरलाल नेहरू पहली बार एडवोकेट की यूनिफॉर्म पहनकर अदालत में उपस्थित हुए। भूलाभाई देसाई व जवाहरलाल की सशक्त शानदार दलीलों ने मुकदमे को आजाद हिंद फौज के जांबाज सिपाहियों के हक में कर दिया। आजाद हिंद फौज के समर्थन में पूरा देश एकजुट हो गया, देश के कोने-कोने में अंग्रेजी शासन के खिलाफ धरने-प्रदर्शन होने लगे। आखिरकार तीनों भारतीय वकीलों की जोरदार दलीलों और आईएनए के सपोर्ट में उमड़े तमाम भारतवासियों की एकजुटता की वजह से अंग्रेजों को तीनों अफसरों को रिहा करना पड़ा। वस्तुतः नेताजी सुभाष और उनकी आजाद हिंद फौज की गाथा, औपनिवेशिक शासन और साम्राज्यवाद के शोषण से त्रस्त भारतवासियों के नायक के जीवन-पर्यंत संघर्ष व जीवटता की ऐसी अमर कहानी है, जो हरेक भारतवासी की रगों में राष्ट्रवाद का संचार करती है।



अवधेश कुमार

# बदले भारत का प्रतीक बनी अयोध्या

प्राण प्रतिष्ठा के विरुद्ध बयानों से विवाद करने वालों के बारे में अगर पूछिए तो लोगों की प्रतिक्रिया या तो गुस्से में है या बहुत सारे लोगों के लिए मायने ही नहीं रखता। अयोध्या लंबे समय से आने वाले लोग बता रहे हैं कि हमने कभी कल्पना ही नहीं की थी कि इस तरह का बदला हुआ चित्र हमें दिखाई देगा। गांधी जी ने कहा है कि धर्म ऐसा क्षेत्र है जिसमें भारत दुनिया में बड़ा हो सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ परिवार तथा दूसरे धार्मिक सांस्कृतिक आध्यात्मिक संगठनों-समूहों ने लंबे समय तक काम करके भारत की सोई हुई धार्मिक आध्यात्मिक चेतना की जागृति में भूमिका निभाई है। किसी भी राष्ट्र के जीवन में इस तरह की जागृति सुखद व अच्छे भविष्य का ही द्योतक हो सकता है।

मैं पिछले कई दिनों से अयोध्या में हूं। हमारे देश के उन बुद्धिजीवियों और नेताओं को, जो समय की धारा को नहीं पहचानते, अयोध्या के वातावरण का अनुमान भी नहीं होगा। आप कल्पना करिए कि कैसा माहौल है? पूरे अयोध्या जिला को पुलिस ने सील कर दिया। जिन्हें निमंत्रण है, जिनको पास मिला है, वही गाड़ियां 21- 22 - 23 जनवरी को अयोध्या आ सकी है । बावजूद हजारों की संख्या में सभी उम्र के लोग अयोध्या पहुंचे हुए हैं। मुख्य सड़कें लोगों से भरी हुई रही। लोग पैदल चल कर भी अयोध्या पहुंचे हैं। यहां भारी सुरक्षा सख्ती है। लोगों को असुविधाएं हैं। बावजूद मैंने जितने भी सामान्य लोगों से बात की किसी ने भी इस पर प्रश्न नहीं उठाया। पुलिस ने लोगों को रोका हुआ है, लोग सड़कों पर खड़े हैं लेकिन ज्यादातर के चेहरे पर प्रसन्नता का भाव है। ऐसा वातावरण इसके पहले शायद ही किसी ने देखा होगा। आम तौर पर जब सुरक्षा सख्त होती है तो लोगों की आवाज उसके विरुद्ध निकलती है लेकिन अब किसी से पूछिए तो कहेंगे कि हमें कोई परेशानी नहीं है। दर्शन आज नहीं तो कल हो जाएगा। इसका अर्थ क्या है?

भारत के सामूहिक मानस का यही बदलाव आज समझने की आवश्यकता है। अगर आप थोड़ी सूक्ष्मता से विचार करेंगे तो ऐसा लगेगा कि संपूर्ण अयोध्या भारतमय है राममय है और संपूर्ण भारत इस समय अयोध्यामय और राममय हो गया है। अयोध्या के भारतमय, राममय और भारत के राममय में होने के गहरे निहितार्थों को भी समझना आवश्यक है। किसी भी देश में सांस्कृतिक पुनर्जागरण की धाराएं इसी तरह प्रभावी होती हैं। राम मंदिर का आंदोलन किसी सामान्य मंदिर निर्माण का आंदोलन नहीं था। यह यह ध्वस्त की गई मंदिर के पुनर्निर्माण के द्वारा भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का आंदोलन था। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के साथ-साथ दिखाई पड़ रहा है कि स्वतः स्फूर्त भाव से उत्साह और उमंग लिए हुए लोगों का अयोध्या आगमन सांस्कृतिक पुनर्जागरण के धीरे-धीरे सशक्त होने का प्रमाण है। या इस बात को प्रमाणित करता है कि जिन लोगों ने अयोध्या में मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाने के विरुद्ध तथा राम मंदिर के पुनर्निर्माण के आंदोलन की कल्पना की वे वाकई दूरदर्शी थे। अयोध्या का चित्र बता रहा है कि भारत के आम लोगों ने अपनी भावनाओं और व्यवहार से उन सबको सच्ची श्रद्धांजलि देने की शुरुआत कर दी है।

प्राण प्रतिष्ठा के विरुद्ध बयानों से विवाद करने वालों के बारे में अगर पूछिए तो लोगों की प्रतिक्रिया या तो गुस्से में है या बहुत सारे लोगों के लिए मायने ही नहीं रखता। वास्तव में यह भारत में सांस्कृतिक और आध्यात्मिक क्रांति की लहर जैसी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व दक्षिण भारत में तमिलनाडु के उन मंदिरों-धर्म स्थानों का दौरा किया जहां वन यात्रा में रामचंद्र जी गए थे या उनसे जुड़े या उनकी भक्ति से जुड़े हुए हैं। तमिलनाडु से सनातन और हिंदुत्व के विरुद्ध तथा उत्तर दक्षिण को बांटने के स्वर के मध्य तथा प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व इस यात्रा के प्रभावों का आकलन करने में थोड़ा समय लगेगा। प्रधानमंत्री की तमिलनाडु यात्रा से उत्तर



और दक्षिण का भेद खड़ा करने की चेष्टा का सकारात्मक सांस्कृतिक आध्यात्मिक प्रत्युत्तर मिला है। आम लोगों के लिए इसके कोई मायने नहीं है कि किसे निमंत्रण मिला, किसे नहीं मिला, कौन आए कौन नहीं आए। अयोध्या पहुंचकर लगेगा ही नहीं कि जिन लोगों ने प्रश्न उठाए या विरोध किया उनका कोई संज्ञान भी लेने को तैयार है।

अयोध्या लंबे समय से आने वाले लोग बता रहे हैं कि हमने कभी कल्पना ही नहीं की थी कि इस तरह का बदला हुआ चित्र हमें दिखाई देगा। श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में भाग लेने वाले बता रहे हैं कि अगर उस समय सड़कें ऐसी होतीं, खुला वातावरण होता तो 30 अक्टूबर, 1989 और 2 नवंबर, 1989 के गोली चालन में उतनी संख्या में कारसेवक नहीं मारे जाते, लेकिन न भागने का स्थान और न बचने का। अयोध्या आंदोलन के प्रभावी होने और भारी संख्या में लोगों के लगातार पहुंचते रहने के बावजूद केंद्र और राज्य की सरकारों ने कभी भी यहां सड़कों और आम जनता की सुविधाओं के निर्माण की दृष्टि से काम किया ही नहीं। इस नाते भी यह बदली हुआ अयोध्या है। आज यह इतनी अंतर्शक्ति पा गया है कि संपूर्ण भारत की मानसिक चेतना को बदलने का आधार साबित हो सकता है।

जब आपके लक्ष्य छोटे हो तो फिर छोटे स्तर से विचार करते हैं किंतु लक्ष्य बड़े हों तो आपके विचार की परिधि भी व्यापक हो जाती है। अगर भारत के लंबे भविष्य की दृष्टि से काम करना हो तो ऐसे अवसरों पर कोई विरोधी और दुश्मन नहीं हो सकता। इसीलिए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में विरोधियों को भी आमंत्रित किया गया। यहां तक कि मुकदमे के विरोधी पक्षकारों को भी आमंत्रित किया गया। जैसा पूरे देश को पता है विपक्षी दलों को भी आमंत्रित किया गया था। लेकिन समस्या यह थी कि संपूर्ण अयोध्या आंदोलन के दौरान जिन दलों और नेताओं ने इसका विरोध किया, उनको प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आने के लिए कोई न कोई तार्किक आधार चाहिए था। वह मिलना संभव नहीं था। अयोध्या में आम आदमी की भाषा यही है कि विरोधी किस मुंह से प्राण प्रतिष्ठा में आते। अपने दुर्भाग्य से भाजपा और मोदी विरोधी राजनीतिक पार्टियां, बुद्धिजीवी और मीडिया के भी कुछ पुरोधा श्रीराम मंदिर से पैदा हुए भारत के सकारात्मक बदलावों को अभी भी समझने की कोशिश नहीं कर रहे। भारत का मूल धर्म व अध्यात्म रहा है। हमारे प्राचीन मनीषियों ने इसे पहचाना था। गांधी जी ने कहा है कि धर्म ऐसा क्षेत्र है जिसमें भारत दुनिया में बड़ा हो सकता है। वास्तव में धर्म भारत के डीएनए में है । जो आपका मूल संस्कार होता है, उसे जागृत कर दिया जाए तो फिर वह उच्चता को प्राप्त करता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ परिवार तथा दूसरे धार्मिक सांस्कृतिक आध्यात्मिक संगठनों - समूहों ने लंबे समय तक काम करके भारत की सोई हुई धार्मिक आध्यात्मिक चेतना की जागृति में भूमिका निभाई है। चाहे वह सोमनाथ का पुनर्निर्माण हो, अयोध्या आंदोलन या लंबे समय से चल रहे दूसरे मंदिरों के पुनरुद्धार का आंदोलन या फिर हिंदुत्व और हिंदू धर्म की नए सिरे से प्राचीन विरासत के आधार पर व्याख्या करने, इतिहास का पुनर्लेखन, राष्ट्र की परिभाषा अपनी सही सोच से निर्धारित करने, सब इसी दिशा के कदम हैं। स्वाभाविक ही इन सबका प्रभाव हुआ है और यह इस समय समग्र रूप में अयोध्या में दिख रहा है। यहां सामान्य लोग कहते हुए मिल जाएंगे कि हमको तो इतिहास गलत बताया गया। कल्पना करिए जिस व्यक्ति ने दसवीं तक की भी शिक्षा प्राप्त नहीं की वह इतिहास और संस्कृति की बात कर रहा है। किसी भी राष्ट्र के जीवन में इस तरह उसकी संस्कारगत चेतना और जागृति सुखद और अच्छे भविष्य का ही द्योतक हो सकता है।

## संकर सहज स्वरूप सम्हारा




संकलित

दर्शन

श्रीरामचरितमानस में भगवान शंकर भक्ति के दाता भी माने गए हैं और भक्ति के भिक्षुक भी। शिव भक्ति देते भी हैं और मांगते भी हैं। भगवान शंकर में नवभक्ति का दर्शन होता है। उनमें अष्टांग योग का, ज्ञान की सातों भूमिकाओं का और धर्म के दसों लक्षणों का दर्शन भी होता है। लंका कांड में गोस्वामी जी ने जो धर्मरथ का वर्णन किया है। उसमें जितने धर्म के सूत्र बताए हैं, वे सभी महादेव में प्रस्थापित होते हैं। शिव भक्ति स्वरूप हैं। शिव का बाहरी रूप तो 'कुंडल कंकन पहिरे ब्याला' वाला है, लेकिन आंतरिक स्वरूप भजन है, भक्ति है। मानस में है- 'संकर सहज स्वरूप सम्हारा'। सहज स्वरूप का अनुसंधान शिव ने किया। उनकी जो सहज प्रवृत्ति है, वह भजन है। भगवान भी कहते हैं कि 'संकर भजन बिना नर भगति न पावइ मोरि'। शंकर की भक्ति जो करेगा, वही मेरी भक्ति पाएगा अथवा शंकर का जो सहज भजन स्वरूप है, उसे आत्मसात करेगा, वह मेरी भक्ति पाएगा। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने पहली भक्ति संत का संग बताई है- 'प्रथम भगति संतन्ह कर संगा'। आप महेश का चरित्र देखिए। जैसे ही अवसर मिला, वे साधु-संतों का संग करते दिखाई देते हैं। पार्वती के विरह में संतों का संग करते थे। महादेव सत्संग के प्यासे हैं। दूसरी भक्ति है कथा श्रवण। कथा में जहां जगह मिले, वहां बैठकर कथा के प्रसंगों का रस उठाना। शिव कहते हैं, पार्वती, मैं काकभुशुंडि जी के आश्रम में हंस बनकर पीछे बैठ गया था। *-मोरारी बापू*

## कोयल-अपनी वाणी को मधुर बना लेना



संकलित

प्रेरणा

एक बार वसंत ऋतु में एक कोयल वृक्ष पर बैठी कूक रही थी। आते-जाते लोग उसकी कूक को सुनते और उसकी सुरीली आवाज का आनंद लेते हुए उसकी तारीफ के पुल बांधते। कुछ देर बाद कोयल के सामने एक कौआ तेज गति से आया। कोयल ने उससे पूछाः इतनी तेज गति से कहां जा रहे हो? कुछ देर बैठो, बातें करते हैं। कौए ने उत्तर दियाः कि वह जरा जल्दी में है और देश को छोड़कर परदेस जा रहा है। कोयल ने इसका कारण पूछा तो कौआ बोलाः यहां के लोग बहुत खराब हैं। सब तुम्हें ही चाहते हैं। सभी लोग सिर्फ तुम्हारा आदर करते हैं। वह यही चाहते हैं कि तुम हमेशा की तरह इसी प्रकार से उनके क्षेत्र में गाती रहो। वहीं जहां तक मेरी बात है तो मुझे कोई देखना तक नहीं चाहता। यहां तक कि मैं किसी की मुंडेर पर बैठता हूं तो मुझे कंकड़ मारकर वहां से भगा दिया जाता है। मेरी आवाज भी कोई नहीं सुनना चाहता। जहां मेरा अपमान हो, मैं ऐसे स्थान पर एक क्षण भी नहीं रहना चाहता। ज्ञानियों ने भी हमें यही शिक्षा दी है कि अपमान की जगह पर नहीं रहना चाहिए। यह सुनकर कोयल बोली, परदेस जाना चाहते हो तो बड़े शौक से जाओ। यह पूरी तरह से तुम्हारी इच्छा पर निर्भर है। लेकिन एक बात का सदैव ध्यान रखना कि वहां जाने से पहले अपनी आवाज को बदल लेना। अपनी वाणी को मधुर बना लेना। यदि तुम्हारी वाणी ठीक वैसी ही कठोर रही, जैसी यहां पर है तो परदेस में भी लोग तुम्हारे साथ वही व्यवहार करेंगे जो अभी हो रहा है। संसार जो है, जैसा भी है, उसे बदला नहीं जा सकता।

## अंतर्मन




### आज की पाती


#### साइबर अपराध रोकने के लिए उठाएं सख्त कदम

हाल ही में वित्त मंत्रालय ने सभी छोटे-बड़े प्राइवेट बैंकों को यह सुझाव दिया है कि सभी साइबर सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाएं। इसके लिए सभी बैंकों को 24 गुणा 7 हेल्पलाइन अपने उपभोक्ताओं को उपलब्ध करवानी चाहिए और सभी फोन नंबर जो हेल्पलाइन के लिए उपलब्ध करवाए जाएं, वो भी हर वक्त दुरुस्त रहें और फ्री रहें। एसबीआई क्रेडिट कार्ड ने अपना हेल्पलाइन नंबर मुफ्त सुविधा से वंचित रखा है। यहां कॉल करने के लिए एक मिनट के लिए लगभग 2 रुपए पड़ते हैं। हमारा देश डिजिटल लेन-देन की ओर कदम तो बढ़ा चुका है, लेकिन कुछ साइबर चोर इसकी राह में ठगी करके बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। देश में दिन-प्रतिदिन साइबर ठगी की खबरें पढ़ने और सुनने को मिल रही हैं। *-पीयूष गोयल, धमतरी*

## करंट अफेयर

### दुनियाभर में मना रामलला का प्राण प्रतिष्ठा उत्सव...

अयोध्या में सोमवार को हुई रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का उत्सव मनाने के लिए राम भक्तों और भारतीय समुदाय के सदस्य न्यूयॉर्क के प्रतिष्ठित टाइम्स स्कवायर सहित दुनियाभर में विभिन्न स्थानों पर एकत्र हुए, प्रार्थना सभाएं कीं, कार रैली निकाली और अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये।



अमेरिका में न्यूयॉर्क के टाइम्स स्कवायर पर बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के सदस्य एकत्र हुए। उन्होंने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण देखा। लोगों को पारंपरिक पोशाक पहने, नृत्य करते, भजन और अन्य गीत गाते देखा गया।

## ऑफ बीट

### मृत्युलेखों में पालतू जानवरों का उल्लेख अधिक हो रहा

जानवर हमारे जीवन में कई अलग-अलग भूमिका निभाते हैं। कुछ लोग उन्हें परिवार का सदस्य मानते हैं, जबकि अन्य दैनिक सैर की याद दिलाने के रूप में



उनकी सराहना करते हैं। सेना में काम करने वाले कुत्तों और भावनात्मक सहयोग देने वाले जानवरों से लेकर दरवाजे पर हमारा स्वागत करने के लिए इंतजार कर रहे पालतू जानवरों तक, ये जानवर हमारे जीवन में खुशी, आराम और साथ ला सकते हैं। तो स्वाभाविक रूप से, ये रिश्ते जीवन भर जारी रहेंगे - या कम से कम मृत्यु के बाद भी स्मरण किए जाएंगे। टोरंटो स्टार ने हाल ही में ओकविले, ओंटारियो के पालतू जानवरों के कब्रिस्तान से 600 से अधिक जानवरों को निकालने और दूसरी जगह ले जाने के प्रयासों पर रिपोर्ट दी।

## ट्रेंड

### अपना सोलर सिस्टम



सूर्यवंशी भगवान श्री राम के आलोक से विश्व के सभी भक्तगण सदैव ऊर्जा प्राप्त करते हैं। आज अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर मेरा ये संकल्प और प्रशस्त हुआ कि भारतवासियों के घर की छत पर उनका अपना सोलर रूफ टॉप सिस्टम हो।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### मुझे रोका गया



भारत की सांस्कृतिक विविधता को शंकर देव जी ने भक्ति के माध्यम से एकता के सूत्र में पिरोया, लेकिन आज मुझे उन्हीं के स्थान पर माथा टेकने से रोका गया। मैंने मंदिर के बाहर से ही भगवान को प्रणाम कर उनका आशीर्वाद लिया।

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### जीने के लिए समर्पित



आज भी मंडे मोटिवेशन भगवान राम हैं। वह एक ऐसी शख्सियत हैं जो धर्म से परे हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि किसी की आस्था क्या है, हम सभी ऐसी अवधारणा के प्रति आकर्षित हैं जो सम्मान और मजबूत मूल्यों के साथ जीने के लिए समर्पित है। -आनंद महेंद्रा, उद्योगपति

### अपने अपने राम



बस क्या कहूं। जो भी बोलना-कहना सीखा था वो सब आज मौन और आंसुओं में बदल गया। राघवेंद्र सरकार राम के दर्शन करके जब अयोध्या के राम-मार्ग पर निकला तो कुमार भैया और अपने अपने राम का जयघोष कर-करके अभिवादन किया।

-कुमार विश्वास, हिन्दी कवि

## संक्षेप

### पुलिस व प्रशासन की सूझबूझ से टला हादसा

#### काबिले तारीफ है कैसरगंज की पुलिस व प्रशासन

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। नगर पंचायत कैसरगंज स्थित बरखुरद्वारापुर चौराहे पर सोनू आरा मशीन परिसर के अंदर स्थित एक पुरानी मंदिर है जिसे पूर्व भू स्वामी रामकरण ने वर्ष 2012-13 में पूर्व जिला पंचायत सदस्य सय्युब अली के हाथों बेज दिया था। प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी के दिन आरा मशीन परिसर के अंदर स्थित मंदिर को सजाया गया और पूरे दिन पूजा पाठ का कार्यक्रम जोरों से चला। लेकिन कुछ अराजक तत्वों की वजह से रात करीब 10:00 बजे माहौल को खराब करने के दृष्टि से धार्मिक नारेबाजी करने लगे। जिससे मौके पर तत्काल पुलिस इंस्पेक्टर राजनाथ सिंह पूरी फोर्स के साथ पहुंचे और साथ ही साथ उप जिलाधिकारी कैसरगंज पंकज दीक्षित भी पहुंचे। मामले को शांत कराया और जो कुछ लोग रात में भी पूजा करना चाहते थे उनको मंदिर में बगैर किसी दिक्कत के पूजा पाठ कराया गया। कोतवाल राजनाथ सिंह व उप जिलाधिकारी कैसरगंज की सूझबूझ से बहुत बड़ा होने वाला हादसा टल गया। हमारे समाज को बेहतर ढंग से चलाने के लिए ऐसे अधिकारियों का हर जगह होना बहुत ही लाजमी है। इलाके के तमाम लोगों ने पुलिस व प्रशासन की बहुत-बहुत शुक्रिया अदा किया।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

सुलतानपुर, सुलतानपुर में अपाचे से जा रहा युवक बाइक अनियंत्रित होने से सड़क पर गिर गया। स्थानीय लोग उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से युवक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। घटना दोस्तपुर के खालिसपुर अंडरपास की है। दोस्तपुर थानाक्षेत्र के बहबल गांव निवासी सैफ (26 वर्ष) पुत्र मोहम्मद इस्माईल अपने मुर्गीफॉम पर जा रहा था। अचानक खालिसपुर अंडर पास के पास बाइक अनियंत्रित हो गई। इससे सैफ सड़क पर जा गिरा।

### डीएम-एसपी चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया माल्यार्पण

प्रतापगढ़, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नेता सुभाष चंद्र बोस की 127 जयंती पर सेंट एंथोनी इंटर कालेज में डीएम एसपी सीडीओ नवनीत सेहरा समेत संयुक्त रूप चित्र पर पुष्प अर्पित कर माल्यापर्ण किया। उसके बाद कार्यक्रम को आयोजित किया। मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ कार्यक्रम में प्रतिभा का छात्र छात्राओं को नियमों को पालन करने के लिए जागरुक कर शपथ दिलाई। प्रतापगढ़ के अम्बेडकर चौराहे के पास सेंट एंथोनी इंटर कालेज में जिला अधिकारी संजीव रंजन पुलिस अधीक्षक सत पाल अंतिल ने संयुक्त रूप से कालेज पहुंचे। जहां कॉलेज प्रधानाध्यापक समेत छात्र छात्राओं ने कार्यक्रम को शुरू किया। डीएम और एसपी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नेता सुभाष चंद्र बोस की127वी जयंती पर चित्र पर पुष्प अर्पित कर माल्यापर्ण किया।

## दो दिवसीय गौ आधारित प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण का समापन हुआ

### कृषि विज्ञान केंद्र बहराइच द्वारा आयोजित हुआ प्रशिक्षण

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। कृषि विज्ञान केंद्र बहराइच प्रथम के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रभारी अधिकारी डा. पीके सिंह के दिशा निर्देशन में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत दो दिवसीय गौ आधारित प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण का समापन ग्राम सभा चक शौगहना विकाश खंड कैसरगंज में संपन्न किया गया। प्राकृतिक खेती का उद्देश्य किसानों को घरेलू संसाधनों से आवश्यक पोषक तत्व और पादप संरक्षण सामग्री तैयार करने के लिए प्रोत्साहित करके उत्पादन लागत में भारी कटौती करना है, जिससे उर्वरकों और अन्य रसायनों की आवश्यकता समाप्त हो जाती है। जीवामृत और बीजामृत जैसे इनपुट खेती की लागत को काफी कम कर सकते हैं। डा. सिंह ने बताया कि प्राकृतिक खेती समस्याओं का समाधान करती है, जैसे खाद्य असुरक्षा, किसानों का संकट, भोजन और पानी में कीटनाशकों और उर्वरक अवशेषों से उत्पन्न होने वाली स्वास्थ्य समस्याएं, ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक आपदाएँ। प्राकृतिक खेती में सिंथेटिक रसायनों का उपयोग नहीं किया जाता है। इस प्रकार, इस प्रक्रिया में स्वास्थ्य जोखिम शामिल नहीं है। भोजन में पोषण घनत्व अधिक होता है और इसलिए यह बेहतर स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है। केंद्र के वैज्ञानिक डा. नंदन सिंह ने किसानों को बीजामृत बनाने की विधि के बारे में बताया कि 20 लीटर पानी को एक बर्तन में लेकर उसमें गोमूत्र मिला दिया जाता है। इसके उपरांत गोबर, चूना तथा पेड़ की तल की मिट्टी को अच्छी प्रकार से मिश्रण करके मिलाया जाता है. इस मिश्रण को लगभग 24 घंटे तक छाया में रखा जाता है। इसके बाद 100 किलो बीज को फर्श या पॉलिथीन सीट पर बिछाकर उस पर बीजामृत का छिड़काव करके अच्छी प्रकार से मिला देते हैं. इस छिड़काव को हाथों से अच्छी तरह बीजों में मिला देना चाहिए। जिससे बीजों पर बीजामृत की एक अच्छी परत चढ़ जाए. फसल बुवाई के 24 घंटे पहले बीज शोधन करना चाहिए. इसके उपरांत बीजामृत के उपयोग किए हुए बीजों को छाया में सुखाया जाना चाहिए. उसके पश्चात अगली सुबह उन बीजों की बुवाई की जानी चाहिए। डा.अरुण कुमार राजभर ने जीवामृत बनाने की विधि के बारे में बताया कि जीवामृत बनाने के लिए एक ड्रम में 200 ली. पानी डालें और उसमें 10 किग्रा ताजा गाय का गोबर, 10 ली गाय का मूत्र, 1 किग्रा बेसन (किसी भी दाल का आटा) 1 किग्रा, पुराना गुड़ और 200 ग्राम मिट्टी को मिला लें. यह सब चीजें मिलाने के बाद इस मिश्रण को गर्मियों में 2 दिन सुबह शाम 5 मिनट घड़ी के सुइयों के चलने के दिशा में घुमाते है। और सर्दियों में 4 दिन सुबह शाम 5 मिनट घड़ी की सुईयों की दिशा में घुमाते है। उसके बाद कपड़े से छान कर छिड़काव करते है। प्रगतिशील कृषक देव प्रताप सिंह ने बताया कि प्राकृतिक खेती से मिट्टी की सेहत में सुधार आता है। इससे पानी की बचत होती है। दो दिवसीय प्रशिक्षण में मुख्य रूप से एजाज अहमद, अरविंद, दिलबहार, गंगा देवी, केशरी रामलाल आदि किसान मौजूद रहे।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी कार्यकर्ता करें मेहनतः आलोक जिंदल

### सर्वोदय इंटर कॉलेज में नव मतदाता सम्मेलन कार्यक्रम हुआ आयोजित

अमन लेखनी समाचार




मोतीपुर, बहराइच। बलहा विधानसभा में गुरुवार को विभिन्न स्थानों पर नव मतदाता सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। बलहा विधानसभा क्षेत्र के मिहींपुरवा कस्बे स्थित सर्वोदय इंटर कॉलेज तथा उर्रा के कारीकोट स्थित जय मां काली इंटर कॉलेज में भारतीय जनता युवा मोर्चा की तरफ से आयोजित हुआ। मतदाता सम्मेलन कार्यक्रम में पूरे देश के करोड़ो युवाओं को प्रधानमंत्री के वर्चुअल सम्बोधन को एलईडी के माध्यम से लोगों को सुनाकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में बलहा विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल के द्वारा मौजूद मतदाताओं को संबोधित करते हुए अत्यधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं को उत्साह के साथ कार्य करने के लिए उत्साहित किया गया इस दौरान मंडल अध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह, वीर चंद वर्मा सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा सभासद हर्षित शुक्ला ने किया।

## मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में निकाली गई जागरूकता रैली



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। मतदाता दिवस के उपलक्ष में एक बहुत ही शानदार तरीके से मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों में जागरूकता पैदा करने का संदेश दिया गया। तहसील प्रांगण कैसरगंज में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं का एक विशाल रैली निकालकर पूरे कैसरगंज का भ्रमण कर लोगों में यह संदेश दिया गया कि लोग मतदान के प्रति जागरूक हो और एक अच्छे हिंदुस्तान के संविधान का निर्माण करने के लिए अपने सांसद और प्रधानमंत्री चुने। उपजिलाधिकारी कैसरगंज ने बताया कि कैसरगंज के मतदाताओं से अपील की गई है कि वह अधिक से अधिक संख्या में अपना वोटर लिस्ट में नाम दर्ज करवाकर भारत के एक अच्छे जागरूक मतदाता बने। तहसीलदार कैसरगंज अजय कुमार यादव ने अपने संबोधन में कहा कि युवा राष्ट्र के निमार्ता है युवा सबसे पहले आगे बढ़-चढ़कर हिस्सा ले हमारे देश का भविष्य युवाओं पर ही निर्भर है। इस मौके पर सरदार पटेल स्कूल की छात्र-छात्राएं मदनी इंटर कॉलेज की छात्र-छात्राएं हुकुम सिंह स्कूल की छात्र-छात्राएं शामिल हुई।

## ब्लॉक प्रमुख व चेयरमैन ने क्रिकेट टूर्नामेंट का किया उद्घाटन



अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। ब्लॉक स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का ग्राम पंचायत कलवारी क्रिकेट ग्राउंड पर ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जयप्रकाश सिंह एवं नगर पंचायत अध्यक्ष रुपईडीहा डॉक्टर उमाशंकर वैश्य ने फीता काट कर 15 दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। ब्लॉक प्रमुख ने बताया कि खेल से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है साथ ही ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का यह सुनहरा अवसर है। डॉक्टर उमाशंकर वैश्य ने कहा की सरकार भी खेलों को ज्यादा बढ़ावा दे रही है। हमारे देश के युवा खेलों में बढ़ चढ़कर कर हिस्सा ले रहे हैं। टूर्नामेंट उद्घाटन के मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि एसपी सिंह चौकी इंचार्ज बाबागंज राम गोविंद वर्मा, राजेश सिंह, संजय वर्मा,प्रवीण सिंह,जीतू, अखिलेश श्रीवास्तव, उग्रसेन सिंह सहित तमाम खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## चारों धाम यात्रा के उपरांत संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का हुआ आयोजन

### कलश यात्रा में काफी सख्या में महिला पुरुष हुए शामिल

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। ब्लाक हुजूरपुर के ग्राम प्रेमीदास कुटी जिगिनिया महिपाल सिंह निवासी डॉक्टर सत्रोहन सिंह चार धाम यात्रा करके वापस आये और उन्होंने भागवत महापुराण की कथा का आयोजन किया। कथा शुभारंभ से पहले कलश यात्रा 25 जनवरी को आयोजित हुई भगवान जन्म 28 जनवरी तथा तथा पूणार्हुति 1 फरवरी को विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। कथावाचक श्रीरंगम कृष्ण शास्त्री जी तुलसी छावनी अयोध्या धाम के नेतृत्व में भव्य कलश यात्रा एवं रथ यात्रा एवं समस्त ग्राम वासियों क्षेत्रवासी हजारों की संख्या में लक्ष्मण घाट सरयू नदी के लिए निकल गई तथा सभी भक्तों के लिए जलपान की उचित व्यवस्था भी की गई।



## अमेठी में शोभायात्रा के दौरान हादसा...9 बच्चे झुलसे

- हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया डीजे, एक गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी में शोभायात्रा के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। यहां डीजे पर लोहे की पाइप में लगा झंडा हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। इसके बाद डीजे पर बैठे 9 बच्चे करंट की चपेट में आ गए। तेज आवाज और चिंगारी के साथ मौके पर ब्लास्ट जैसी आवाज हुई। इसी हादसे में डीजे सवार सभी बच्चे घायल हो गए। इसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। हादसे के बाद सभी को आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, एक की हालत गंभीर है, जिसे हायर सेंटर रेफर किया गया। मामले की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन के वरीय अधिकारी मौके पर जा पहुंचे। उन्होंने सभी घायल बच्चों का हालचाल जाना। इधर जिला अस्पताल में सीएमओ समेत प्रसाशनिक अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। घायलों में प्रदीप (11), सिद्धार्थ सिंह (10), सुधाकर सिहं (12), आशीष सिंह (11), रोशन (12), दर्शन (12), सूरज (11) और शुभम (11) समेत कई शामिल हैं। पूरा मामला संग्रामपुर थाना क्षेत्र के टीकरमाफी बाजार के पास का है। यहां श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शोभायात्रा निकाली गई थी। शोभायात्रा में शामिल हो डीजे गांव की तरफ वापस जा रहा था। इस परर बड़ी संख्या में बच्चे बैठे हुए थे। इसी बीच डीजे में लोहे की पाइप पर लगा झंडा हाईटेंशन लाइन की चपेट में आगया। हादसे में करंट लगने से 9 बच्चे बुरी तरह झुलस गए। डीएम राकेश मिश्रा,एसपी डॉ. इलामारन जी सीएमओ समेत प्रसाशनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने सभी का बेहतर इलाज कराने का निर्देश दिया। वहीं, मौके पर विधि-व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए।

## जोन स्तरीय विराट किसान मेला और प्रदर्शनी का आयोजन

### स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने किया उद्घाटन, जिला स्तरीय अधिकारी रहे मौजूद

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी के गौरीगंज स्थित रणंजय इंटर कालेज मैदान पर तीन दिवसीय विराट कृषि मेले का उद्द्घाटन तिलोई विधायक और स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने किया। इस दौरान सीएमओ डीडीओ समेत कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। कृषि मेले में किसानों को उन्नत कृषि से संबंधित जानकारी विशेषज्ञों द्वारा दी जाएगी। दअरसल आज से 25 जनवरी तक चलने वाले तीन दिवसीय एग्रोक्लेमेट्रिक जोन स्तरीय विराट किसान मेला और प्रदर्शनी का आज से शुभारंभ हो गया।किसान मेले और प्रदर्शनी का उद्द्घाटन स्वास्थ्य राज्यमंत्री और तिलोई विधायक मयंकेश्वर शरण सिंह ने किया। इस दौरान राज्यमंत्री ने प्रदर्शनी में लगाये गए स्टालों का बारीकी से निरीक्षण किया। कार्यक्रम में सीएमओ अंशुमान सिंह, डीडीओ तेजभान,एसपी डॉ इलामारन जी, पूर्व ब्लाक प्रमुख मुन्ना सिह समेत जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। किसान मेले और प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।इस किसान मेले में किसानों को उन्नत खेती करने की जानकारी विशेषज्ञों द्वारा दी जाएगी, साथ ही खेती करने के अलग अलग तरीके भी सिखाये जाएंगे।मेले में जादूगर द्वारा जादू भी दिखाया गया।

## अम्बेडकरनगर लोगों ने घरों में दीये जलाकर रातभर की आतिशबाजी

### जिला मुख्यालय के शिक्षक कालोनी में 17 हजार दिए जलाकर, घरों के सामने बनाई रंगोली

अमन लेखनी समाचार



अम्बेडकरनगर, अयोध्या में राम मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अम्बेडकरनगर भी जश्न में डूबा रहा। शाम होते ही लोगों ने घरों में दिए जलाये और रात भर पटाखा जलाकर आतिशबाजी की। इस अवसर पर जिला मुख्यालय से थोड़ी दूर पर स्थित शिक्षक कालोनी के नागरिकों ने एक अनूठी मिसाल पेश की। कॉलोनी के मुख्य द्वार से लेकर अंतिम द्वार तक यहां के नागरिकों ने अपने-अपने सहयोग और मेहनत से 17 हजार 100 दीपो के द्वारा श्री राम जी नाम और शिव जी के आकृति पर दीपो से सजावट की। करीब 500 मीटर की कालोनी में सभी ने अपने घरों के सामने रंगोली बनाया। शाम को जब ये दीपक जगमगाये तो बिल्कुल अद्भुत नजारा देखने को मिला, यंहा पर रहने वाले चाहे वो बुजुर्ग हो या फिर युवा सभी ने रामजी के प्राण प्रतिष्ठा के इस कार्यक्रम को बड़े उत्साह से मनाया।ऐसा लगा जैसे श्री राम जी अयोध्या के साथ आज यहां भी पधारें है। कालोनी निवासी शैलेंद्र ने बताया कि सभी सभी जन उत्साहित है।

## पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर सांड़ के झुंड से टकराई कार

### कोहरे के कारण देख नहीं सका चालक, एयरबैग खुल जाने से टला बड़ा हादसा



अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, सुलतानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के किमी 160 पर सांड़ के झुंड से एक कार टकरा गई। चालक समेत चार लोगों को मामूली चोट आई है। गनीमत ये रही कि कार का एयर बैग खुल जाने से बड़ी अनहोनी होने से बच गई है। जानकारी के अनुसार घटना बीती देर रात की है। कुशीनगर से दिल्ली की ओर जा रही एक कार जिले के दोस्तपुर थाना क्षेत्र में किमी 160 के पास पहुंची थी कि सांड़ का झुंड पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर खड़ा था। कोहरा अधिक होने के कारण चालक सांड के झुंड को देख नहीं सका। तेज रफ्तार कार सीधे सांड़ों से टकरा गई। इस पर सवार चालक कुलवंश सिंह, अनिल, रणजीत और विनोद सवार थे। जिन्हें मामूली चोट आई

## कमरे में फंदे पर लटकी मिली विवाहिता

- बेड पर घुटनों के बल लटक रहा था शव, मायके वालों ने लगाया दहेज के लिए हत्या का आरोप

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुल्तानपुर में एक विवाहिता ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। मायके वाले ससुराल वालों पर उत्पीड़न का आरोप लगा रहे हैं। बताया जाता है कि पहली शादी के बाद महिला एक बच्चे को लेकर अपने प्रेमी के साथ चली गई थी। ये उसकी दूसरी शादी थी, और दूसरा पति सऊदी अरब में रह रहा है। घटना कोतवाली नगर थानाक्षेत्र के पांचोपीरन क्षेत्र की है। कस्बा निवासी शाहिदा (25) की शादी दो वर्ष पूर्व कस्बा निवासी शमी अहमद के साथ हुई थी। शमी फिलवक्त सऊदी अरब में रहकर नौकरी कर रहा है। परिवार में सब कुछ सही चल रहा था। लेकिन बीती रात उस समय घर में रोना पीटना मच गया। जब शाहिदा ने कमरा बंदकर दुपट्टे से फांसी का फंदा लगाया और वो उस पर झूल गई। घंटों जब उसके कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो सुसराल वालों को संदेह हुआ। दरवाजा तोड़कर जब सुसराली जन अंदर घुसे तो वहां का दृश्य देखकर सभी हतप्रभ रह गए। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। लोकल का मामला होने के चलते मायके वाले भी वहां पहुंचे और सुसरालियों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाने लगे। हालांकि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेजते हुए जांच शुरू कर दिया है। मृतका के भाई शबीन अहमद ने सुसराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। वही स्थानीय लोगों की माने तो मृतका शाहिदा का इससे पहले भी विवाह हुआ था। जिससे उसका एक बच्चा है।

# संक्षेप

## मेरठ में मकान का ताला तोड़कर चोरी

### नगदी सहित लाखों का जेवर ले गए चोर, मकान मालिक परिवार के साथ रिश्तेदारी में गए थे

मेरठ, मेरठ के बहसूमा थाना क्षेत्र स्थित सेफपुर, फिरोजपुर गांव में अज्ञात चोरों ने बंद मकान को सोमवार की शाम निशाना बनाया। चोर मकान के ताले तोड़कर नगदी सहित लाखों रुपए की ज्वेलरी चोरी कर ले गए। परिवार रविवार को मकान के ताले लगाकर रिश्तेदारी में चला गया था।सोमवार रात करीब 9:30 बजे जब परिवार घर पहुंचा तो घटना के बारे में जानकारी होने के बाद हाहाकार मच गया।जिसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना के बारे में पीड़ित परिवार से जानकारी जुटाने के बाद अज्ञात चोरों की तलाश में जुट गई।सैफपुर फिरोजपुर के रहने वाले मांगेराम पुत्र सुखराम ने बताया कि 21 जनवरी को उसकी रिश्तेदारी में एक कार्यक्रम था।जिसके चलते परिवार के लोग घर के ताले लगाकर खतौली स्थित रिश्तेदारी में कार्यक्रम में शामिल होने के लिए चले गए थे। इसी दौरान चोरों ने बंद मकान के ताले तोड़कर घर में मोजूद सैफ को काटकर सैफ में रखे सोने चांदी के जेवरात एक पेंडिल ढाई तोले, एक जोड़ी सोने के कुंडल, तीन जोड़ी पाजेब, 10 हजार की नगदी सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए। सोमवार रात करीब 9:30 बजे परिवार के लोग जब घर पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। इसके बाद परिवार के लोगों में हड़कंप मच गया घटना की जानकारी पुलिस को दी गई, जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और पीड़ित परिवार से घटना के संबंध में जानकारी लेने के बाद अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी।

# रुचि सिंह ने डिप्टी जेलर बन परिवार एवं क्षेत्र का नाम किया रोशन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की तरफ से आयोजित यूपी पीसीएस परीक्षा-2023 के अंतिम चयन परिणाम में कई होनहारों ने सफलता का परचम लहराया है।इनमें उन्नाव के सोहरामऊ थाना क्षेत्र के निधान खेड़ा गांव की रहने वाली रूची सिंह का नाम भी शामिल है।रूची का चयन डिप्टी जेलर के पद पर हुआ है। बेटी की इस कामयाबी से परिजन बेहद खुश हैं और लोग घर जाकर उन्हें बधाई दे रहे हैं। किसान परिवार की बेटी रूची सिंह ने कड़ी मेहनत और लगन से तीसरे प्रयास में यूपी पीसीएस परीक्षा में सफलता हासिल कर अपनी प्रतिभा को साबित कर दिखाया है। इसके साथ ही उन्होंने अपने गाँव और समाज को गौरवान्वित किया है और क्षेत्र का मान भी बढ़ाया है। यूपी पीसीएस 2023 में डिप्टी जेलर के पद पर चयनित रूची सिंह शुरू से ही मेधावी छात्रा रही हैं।इन्होंने 12वीं तक की पढ़ाई अवध कॉलेजिएट दरोगा खेड़ा से की है।इसके बाद लखनऊ में नवयुग गर्ल्स कालेज से बीएससी की।



रूची सिंह ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, के अलावा पारिवारिक सदस्यों और अपने शिक्षकों को दिया है।अपनी इस सफलता पर रूची ने कहा है कि मुझे आज बहुत खुशी हो रही हैं कि मैंने अपने परिवार, समाज और गांव का नाम रोशन किया है।उन्होंने युवाओं से कहा है कि मैं चाहती हूं कि सभी युवा मेहनत से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करें, सफलता आपका इंतजार कर रही है।रूची सिंह के पिता नीलेश सिंह एक किसान हैं।वो खेतीझकिसानी के साथ साथ सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं ।नीलेश सिंह का कहना है कि बेटी रूची ने डिप्टी जेलर बनकर मेरा सर गर्व से ऊंचा कर दिया है, एक पिता के लिए इससे ज्यादा खुशी क्या हो सकती है।वहीं रूची की मां गृहणी हैं।उनका कहना हैं कि मुझे विश्वास था, कि मेरी बेटी एक दिन अफसर जरूर बनेगी।मैं आज बहुत खुश हूं।

रूची सिंह के बड़े भाई रंजीत प्रताप सिंह एक अफसर है।वैसे तो रूची के अलावा उनके परिवार में सरकारी सेवाओं में अफसर बनने का सिलसिला बरकरार है। रूची सिंह के 22 वर्षीय छोटे भाई जयदीप प्रताप सिंह भी UPPCS परीक्षा में पहली बार में ही इंटरव्यू तक पहुँच गए थे लेकिन उनका सलेक्शन नहीं हो पाया, बेटी रूची की इस सफलता से परिवार और गांव में खुशी का माहौल है।उनके घर पररिश्तेदार, सगे-संबंधियों के अलावा आसपास के गांवों के लोग बधाई देने के लिए पहुंच रहे हैं।गांव वाले अपनी इस होनहार बेटी का सम्मान व स्वागत कर रहे हैं, ताकि क्षेत्र के अन्य युवा भी उससे प्रेरणा ले सकें।

# आईटीएम के छात्र धीरेंद्र और निमिषा ने किया संस्थान का नाम रोशन

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा गोरखपुर के पूर्व छात्र धीरेंद्र कुमार एवं निमिषा भारद्वाज ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के द्वारा आयोजित पीसीएस परीक्षा में सफलता प्राप्त कर संस्थान एवं अपने परिवार का नाम रोशन किया इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन विभाग की पूर्व छात्र निमिषा भारद्वाज ने डिप्टी जेलर के पद पर सफलता प्राप्त किया, वर्तमान समय मे अधिशाषी अधिकारी के रूप मे कार्यरत हैं वही मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 2017 बैच के पूर्व छात्र धीरेन्द्र कुमार ने उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग की पीसीएस परीक्षा मे पूरे प्रदेश मे 27वां स्थान प्राप्त किया और एसडीएम के पद पर सफलता प्राप्त कर संस्थान और अपने परिवार का नाम रोशन कियो इस अवसर पर संस्थान के





निदेशक डॉ एन के सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान लगातार छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं ये उसी का परिणाम हैं कि यहाँ के छात्र लगातार देश-प्रदेश के प्रतिष्ठित परीक्षाओं मे सफलता प्राप्त कर सबको गौरवान्वित कर रहे हैं इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया, सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल, डॉ पी डी पांडा( निदेशक फामेर्सी ), डीन एकेडेमिक डॉ आर पी सिंह, डॉ ए आर त्रिपाठी, डॉ आर एल श्रीवास्तव, कुलसचिव डॉ एस के पाण्डेय, डॉ मनोज कुमार मिश्रा, दीप्ति ओझा, विनीत राय, सहित संस्थान के सभी शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दिया।

# अंतिम दिन संपन्न हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर ।जनपद के मलवा विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत गांव रावतपुर कोटिया पैगंबरपुर मीरमऊ में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया मिशन के अंतिम दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे खंड विकास अधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गांव में पहुंची प्रचार गाड़ी में प्रधानमंत्री के संबोधन का वीडियो क्लिप का आम जनमानस ने दर्शन किया कार्यक्रम में लगे अन्य स्टॉल प्रधानमंत्री आवास योजना आयुष्मान कार्ड मुख्यमंत्री आवास योजना शौचालय घरौनी पेंशन स्वास्थ्य विभाग शिक्षा विभाग खाद्य सुरक्षा पुष्टाहार आदि के बारे में भी संबंधित अधिकारी कर्मचारियों ने जानकारियां दी आयोजित कार्यक्रम अंतर्गत आगामी वर्ष 2047 तक संपूर्ण भारतवर्ष को विकसित राष्ट्र बनाने हेतु खंड विकास अधिकारी ने शपथ दिलाई वहीं गर्भवती महिलाओं को गोद भराई कर पोषण किट वितरण किए गए बाल विकास पुष्टाहार विभाग के साथ मिलकर खंड विकास अधिकारी ने नौनिहाल बच्चों को खीर खिलाकर अन्न प्राशन संस्कार संपन्न किया इस मौके पर संबंधित स्टॉल तथा संबंधित विभागों के सभी कर्मचारी एवं अधिकारी गण मौजूद रहे वहीं भारी जनसंख्या ने कार्यक्रम में शिरकत प्रदान की





# अंतिम दिन संपन्न हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर। जनपद के मलवा विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत गांव रावतपुर कोटिया पैगंबरपुर मीरमऊ में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया मिशन के अंतिम दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे खंड विकास अधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गांव में पहुंची प्रचार गाड़ी में प्रधानमंत्री के संबोधन का वीडियो क्लिप का आम जनमानस ने दर्शन किया कार्यक्रम में लगे अन्य स्टॉल प्रधानमंत्री आवास योजना आयुष्मान कार्ड मुख्यमंत्री आवास योजना शौचालय घरौनी पेंशन स्वास्थ्य विभाग शिक्षा विभाग खाद्य सुरक्षा पुष्टाहार आदि के बारे में भी संबंधित अधिकारी कर्मचारियों ने जानकारियां दी आयोजित कार्यक्रम अंतर्गत आगामी वर्ष 2047 तक संपूर्ण भारतवर्ष को विकसित राष्ट्र बनाने हेतु खंड विकास अधिकारी ने शपथ दिलाई वहीं गर्भवती महिलाओं को गोद भराई कर पोषण किट वितरण किए गए बाल विकास पुष्टाहार विभाग के साथ मिलकर खंड विकास अधिकारी ने नौनिहाल बच्चों को खीर खिलाकर अन्न प्राशन संस्कार संपन्न किया इस मौके पर संबंधित स्टॉल तथा संबंधित विभागों के सभी कर्मचारी एवं अधिकारी गण मौजूद रहे वहीं भारी जनसंख्या ने कार्यक्रम में शिरकत प्रदान की





# पवन कुमार मीना बने फतेहपुर मुख्य विकास अधिकारी

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर ।जनपद के मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के पश्चात कन्नौज जनपद के ज्वाइंट मजिस्ट्रेट पवन कुमार मीना को फतेहपुर मुख्य विकास अधिकारी का पदभार सौपा गया तेज तर्रार नव आगंतुक मुख्य विकास अधिकारी राजस्थान के मूल निवासी है जिन्होंने वर्ष 2019 में यूपीएससी सीएसई में 407 वीं रैंक पाकर माता-पिता का गौरव बढ़ाया था वही 12 अक्टूबर वर्ष 2020 को आईएएस में चयनित हुए चयन प्रक्रिया के पश्चात कन्नौज जनपद में 3 अक्टूबर 2022 को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट का पदभार सौपा गया होनहार अधिकारी की कर्तव्य निष्ठता को देख प्रशासन ने तबादला करते हुए फतेहपुर जनपद के मुख्य विकास अधिकारी की कुर्सी पर एक ओजस्वी व्यक्ति के रूप में पवन कुमार मीना को स्थापित किया जनपद की जिलाधिकारी सी इंदुमती पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह समेत सभी उच्च अधिकारियों ने नव आगंतुक मुख्य विकास अधिकारी को हार्दिक शुभकामनाएं दी



## खर्जा में स्वयंसेविकाओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

### एकेपी पीजी कॉलेज में स्वच्छता पर दिया गया जोर, गमलों की हुई रंगाई

खुर्जा, खुर्जा नगर स्थत एकेपी पीजी कॉलेज में स्वयं सेविकाओं ने कॉलेज परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान का उद्देश्य सफाई को बढ़ावा देने के साथ साथ जागरूकता फैलाना है। इस दौरान पीएम मोदी के स्वच्छता अभियान को सराहा गया। खुर्जा की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई और रोवर रेंजर्स की द्वितीय इकाई के स्वयंसेविकाओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम अधिकारी एकता चौहान ने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य परिसर को प्लास्टिक और गंदगी से मुक्त परिसर बनाना है।रोवर रेंजर्स की संयोजिका डॉ. मनु आर्या के निर्देशन में स्वयंसेविकाओं ने परिसर के कमरों, बरामदों व फील्ड में सफाई की तथा गमलों को रंग किया।इस दौरान वरिष्ठ प्रवक्ता नीलू सिंह ने स्वयंसेविकाओं को प्रेरित किया कि वह अपने आसपास के स्थान में ना गंदगी करेंगे, ना किसी को करने दें।

# मेरठ में कबाड़ के गोदाम में लगी भीषण आग

- गोदाम मालिक और परिवार ने भाग कर बचाई जान

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ नौचंदी थाना क्षेत्र स्थित हापुड़ रोड पर सोमवार देर रात एक कबाड़ के गोदाम में आतिशबाजी का पटाखा गिरने से आग लग गई। गोदाम के अंदर बने मकान में रह रहे गोदाम के मालिक और उसके परिवार ने किसी तरह भागकर जान बचाई। हादसे की जनकारी मिलने पर नौचंदी पुलिस और दमकल विभाग की आधा दर्जन गाड़िया मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों की मदद से घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लिया।गनीमत रही हादसे में कोई जनहानी नहीं हुई। नौचंदी थाना क्षेत्र स्थित किदवाईनगर निवासी इसरार का हापुड़ रोड पर कबाड़ का गोदाम है। गोदाम में प्लास्टिक और लकड़ी भारी हुई थी सोमवार रात करीब 12 बजे गोदाम में पटाखा आ गिरा जिससे प्लास्टिक ने आग पकड़ ली देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया।जानकारी के अनुसार कबाड़ के गोदाम में बने कमरे में इसरार अपने परिवार के साथ सो रहा था। आग की लपटों को देखकर परिवार के लोगों में हाहाकार मच गया। किसी तरह इसरार ने अपने परिवार के लोगों के साथ भाग कर जान बचाई।जानकारी मिलने पर दमकल विभाग की आधा दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुच गई और आसपास के लोगों की मदद से घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद काबू पा लिया।घनी मत रही आज से कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ वही गोदाम मलिक का कहना है कि आग से करीब 8 लाख रुपए का माल जलकर राख हो गया है। दमकल विभाग आग के कर्म की जांच में जुट गया है।




# पति ने प्रेमिका संग मिलकर की पत्नी की हत्या

## दुपट्टे से गला दबाकर मारा, नाले में फेंकी लाश, 20 दिन बाद खुली हकीकत

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ में प्यार में रोड़ा बन रही पत्नी को पति ने मौत के घाट उतार दिया। पति ने 10 साल छोटी प्रेमिका के साथ मिलकर पत्नी का गला दबाया और हत्या कर दी।दोनों मिलकर लाश को नाले में फेंक आए।20 दिन तक जब पड़ोसियों को महिला नहीं दिखी, तो उन्हों मायके में किसी गड़बड़ की आशंका जताकर सूचना दी। मायके वालों ने पुलिस को बताया।जांच के बाद पूरा मामला खुला है। पुलिस ने आरोपी पति को अरेस्ट कर लिया है। वहीं नाबालिग प्रेमिका को भी हिरासत में लिया है। मामला परतापुर थाना क्षेत्र का है। जहां शताब्दीनगर में नाजिम अपनी पत्नी आशमां के साथ किराए पर रहता है।3 साल पहले नाजिम आशमां की शादी हुई थी। कुछ दिन पहले नाजिम का नाबालिग लड़की से अफेयर हो गया।



नाजिम उसे भी यहीं अपने घर ले आया। पत्नी के सामने प्रेमिका के साथ लिवइन में रहने लगा। 2 जनवरी को दोनों ने मिलकर आशमां को मार डाला और लाश रात के अंधेरे में किसी नाले में फेंक आए। 20 दिनों से पड़ोसियों ने आशमां को नहीं देखा तो उन्हें शक हुआ।उन्होंने आशमां के घरवालों को बताया कि कुछ गड़बड़ है।पड़ोसियों ने ही आशमां की बहन मुस्कान जो हापुड़ में रहती है उसे बताया कि आशमां दिख नहीं रही। तब आशमां की बहन मेरठ आई, यहां उसने पुलिस को घटना की जानकारी देते हुए अपने जीजा पर मारने का शक जताया।पुलिस ने पूछताछ की तो पूरा मामला सामने आया। वहीं पुलिस ने नाले से शव भी बरामद कर लिया है।पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नाजिम मूल रूप से बुलंदशहर लोहरा गांव का रहने वाला है।फैक्ट्री में काम करता है। शादी के बाद पत्नी आशमां को लेकर मेरठ आ गया।यहां काम करने लगा। कुछ दिन बाद वो सोनीपत की फैक्ट्री में काम करने चला गया। सोनीपत में उसका अफेयर बिजनौर निवासी नाबालिग किशोरी जो उससे 10 साल छोटी है उससे हुआ। नाजिम प्रेमिका को लेकर मेरठ लौट आया।यहां उद्योगपुरम की फैक्ट्री में ई-रिक्शा चलाने लगा।प्रेमिका को भी पत्नी के साथ लिवइन में एक मकान में रख लिया।पड़ोसियों ने बताया कि आए दिन नाजिम, प्रेमिका और पत्नी आशमां के बीच झगड़ा होता था। दोनों मिलकर आशमां को बहुत सताते थे। अक्सर घर से लड़ाई झगड़े की आवाजें आती थीं। आशमां पति की जिंदगी में दूसरी औरत बर्दाश्त नहीं कर पा रही थी। नाजिम अपनी प्रेमिका को छोड़ने को राजी नहीं था।दोनों शादी करना चाहते थे। इसमें पत्नी आशमां रोड़ा बन रही थी।आशमां की बहन मुस्कान निवासी सिंभावली हापुड़ से मेरठ अपनी बहन के घर पहुंची। जहां जीजा नाजिम ने कहा कि तेरी बहन आशमां घर से भाग गई। हमें नहीं पता कहां गई है।इसके बाद नाजिम ने परतापुर थाने में पत्नी की गुमशुदगी दर्ज करा दी।इधर, मुस्कान ने आसपास के लोगों से भी पूछा तो उसे झगड़े की जान कहासुनी हुई।जिस पर मुस्कान को नाजिम पर हत्या करने का शक हुआ।

उसने पुलिस को मामले की जानकारी दी। पूछताछ में नाजिम ने पुलिस को सारी कहानी बताई अपना गुनाह कुबूला।

भर्ती — आर-पार हुई बुलेट...आईसीयू में भर्ती; चोरी की गाड़ी पकड़ने के लिए 10 केएम पीछा किया

# दरोगा को बदमाशों ने सीने में गोली मारी

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ में देर रात बदमाशों ने चौकी प्रभारी मुनेश सिंह के सीने में गोली मार दी। गोली लगने के बाद वह गिर पड़े।काफी खून बह गया।पुलिसकर्मी आनन-फानन में चौकी प्रभारी को अस्पताल ले गए। फिलहाल, उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।उनका गाजियाबाद के कौशांबी स्थित मैक्स हॉस्पिटल में आईसीयू में इलाज चल रहा है।दरोगा के सीने से गोली आर-पार हुई है।मंगलवार को उनका ऑपरेशन किया गया।वारदात उस वक्त हुई, जब दरोगा पुलिस टीम के साथ चोरी की गाड़ी का पीछा कर रहे थे। पुलिस ने बदमाशों को घेरा तो पहले पुलिस गाड़ी में टक्कर मारी।फिर फायरिंग शुरू कर दी।पूरी वारदात हाईवे चौकी इलाके के डिफेंस कॉलोनी की है। वारदात सोमवार रात कंकरखेड़ा क्षेत्र के एसआर मंडप के बाहर की है। यहां बुलंदशहर के खुर्जा निवासी सोनू सैनी दरवाजा लॉक करके कार के अंदर सो रहे थे।रात डेढ़ बजे तीन बदमाश आए। बदमाशों ने कार की विंडो खुलवाई। इसके बाद गन पॉइंट पर कार का दरवाजा खुलवाया।इसके बाद उसकी कार, मोबाइल और नकदी लूट ली। फिर कार लेकर भाग गए। इसके बाद सोनू ने शोर मचाया।शोर सुनकर मंडप स्टाफ के लोग बाहर आए। उन्होंने हाईवे पुलिस चौकी को वारदात की सूचना दी।उस वक्त दरोगा मुनेश सिंह अपनी टीम के साथ गश्त कर रहे थे। मुनेश सिंह मौके पर पहुंचे तो सोनू ने बताया कि उसकी कार में जीपीएस लगा हुआ है। इसके बाद मुनेश सिंह ने जीपीएस से कार को ट्रैक किया।इसके बाद पुलिस टीम के साथ कार का पीछा करने लगे।



बदमाशों का करीब 10 किमी. तक पीछा किया। पुलिस टीम ने डिफेंस कॉलोनी के नाले पर बदमाशों की घेराबंदी कर दी।बदमाशों ने पहले सेंट्रो कार से पुलिस जीप में टक्कर मारी। इसके बाद कार से उतरकर पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग में मुनेश सिंह के सीने में गोली लग गई। पुलिस ने जवाबी फायरिंग शुरू की। इसके बाद बदमाश कार छोड़कर भाग गए। पुलिसकर्मी चौकी प्रभारी को अस्पताल ले गए।यहां डॉक्टरों ने दरोगा को प्राइमरी ट्रीटमेंट दिया।गंभीर हालत देखकर उनको गाजियाबाद रेफर कर दिया।

सुबह तड़के दरोगा को गाजियाबाद के कौशांबी स्थित मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुठभेड़ के वक्त मुनेश के साथ दो कॉन्स्टेबल और ड्राइवर थे। इनके नाम सुशील, रविंद्र, सचिन हैं। मुनेश सिंह 2016 में दरोगा हुए थे। पिछले डेढ़ साल से मेरठ में तैनात हैं।यहां से पहले गाजियाबाद में तैनात थे। मुनेश सिंह आगरा जिले के छाता इलाके के रहने वाले हैं।मुनीश के दो बच्चे हैं।

पत्नी बच्चों के साथ गाजियाबाद में रहती है। एसएसपी रोहित सिंह सजवाण ने बताया कि मंडप के बाहर से गाड़ी लूटने की शिकायत मिली थी।टीम ने जीपीएस से उसका पीछा किया। बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की गई। चौकी प्रभारी को गोली लगी है।घटना में 3 लोगों के नाम सामने आए हैं।तीनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।पुलिस ने लूटी कार बरामद कर ली है।

# 3500 दीपों से जगमग हुई सीतापुर जिला जेल

- रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा की खुशी में बंदियों ने निकाली शोभायात्रा, बैरकों में अयोध्या से लाइव प्रसारण देखा

अमन लेखनी समाचार

सीतापुर, अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सीतापुर में बंदियों ने दीपक जलाकर जेल को जगमग कर दिया। बंदियों ने जेल में स्वनिर्मित 3500 दीपों से जेल की चहरदीवारी को जगमग करते हुए भजन संध्या पर भजन गाकर जेल को राममय करने का काम किया। जेल प्रशासन ने बंदियो की इस मंशा पर खरा उतरने के लिए पूरी व्यवस्था कराई है। जेल अधीक्षक ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को भी जेल के बंदियो को 29 बैरकों में टीवी के माध्यम से लाइव प्रसारण दिखाया। जेल अधीक्षक सुरेश सिंह ने बताया कि 22 जनवरी को लेकर जेल प्रशासन के साथ ही साथ जेल के बंदियो ने भी खास इंतजाम किए थे। पहले से ही चाक पर मिट्टी के दीये तैयार कर दीपोत्सव मनाया। इसके साथ ही सुबह लाइव प्रसारण देखने के बाद जेल में ही बंदियो ने रामनामी झंडे को लेकर शोभा यात्रा निकालकर श्री राम नाम का जयघोष किया। शाम होते ही जेल में बंदियो ने जेल प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए गए तेल और बत्तियों की मदद से जेल में करीब 3500 दीपों से जेल को जगमग करने का काम किया है।

इसके साथ ही जेल में स्थापित मंदिर को सजाकर भव्य भजन संध्या पर बंदियो ने भजन गाया। प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर नगर पालिका सीतापुर में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन शहर की वैदेही वाटिका में किया गया।

अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

